कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/2021 दिनांक 04.01.2021 द्वारा श्री जय प्रकाश, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बख्तावरपुरा, जिला झुंझुंनू का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पांचे का तला, जिला जैसलमेर किया गया था जिसके विरूद्ध श्री जय प्रकाश द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 840/2021 जय प्रकाश बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 840/2021 में माननीय अपील अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 08.02.2021 द्वारा अपीलार्थी की अपील प्रत्यर्थी विभाग को रिमाण्ड की जाकर अपीलार्थी को 15 दिवस में वर्णित व्यक्तिगत परेशानियों आदि आधारों पर अभ्यावेदन प्रस्तुत करनें और प्रत्यर्थी विभाग द्वारा उपर्युक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने की स्थिति में राजस्थान सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में अभ्यावेदन निस्तारित करने और तब तक अपीलार्थी के संबंध में स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 को स्थगित रखे जाने के आदेश प्रदान किये गए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में स्वंय की पारिवारिक परिस्थितियों और व्यक्तिगत कठिनाईयों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार का आग्रह करते हुए अपना समायोजन राउमावि फिरवासी नागौर/राउमावि सारड़ी नागौर अथवा राउमावि जसवंतगढ जिला नागौर में प्रधानाचार्य के पद पर किये जाने की मांग की गई।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन का राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/ परिपत्रों/नियमों एवं माननीय अधिकरण के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में गहनता से अवलोकन व मनन किया गया व उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी की प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों एवं व्यक्तिगत कठिनाईयो को मद्देनजर रखते हुए अपीलार्थी श्री जय प्रकाश का समायोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जसवंतगढ, लाडनू जिला नागौर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। श्री जय प्रकाश को निर्देशित किया जाता है कि वे तत्काल अपने समायोजित स्थान पर कार्यग्रहण किया जाना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित सूचित हों।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा./संस्था/बी–2/जय प्रकाश/अपील/840/21 दिनांक 15/2/2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मन्त्री, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, अजमेर संभाग, अजमेर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, नागौर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, नागौर।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी, (विधि) माध्यमिक शिक्षा, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. सम्बन्धित अपीलर्थी श्रीमती जय प्रकाश को आदेश की पालनार्थ।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर